# NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)


## 'रेल वर्कर' मे प्रकाशनार्थ

दिनांक– 30.01.2019

डा0 एम. राघवैय्या जी
महामंत्री—एन.एफ.आई.आर.
नई दिल्ली

विषयः– दिनांक 8/9 जनवरी 2019 को NCRES द्वारा धरना, प्रदर्शन, रैली व सभाओं का आयोजन

महोदय,

30 जून 2016 को एन.डी.ए सरकार के मंत्रियों के समूह द्वारा NFIR के महामंत्री श्री एम राघवैय्या व एन.जे.सी.ए को एन.पी.एस रद्द करने, फिटमेंट फार्मूला में सुधार करने, न्यूनतम वेतन में संशोधन करने व अन्य मांगों पर निर्णय करने का आश्वासन दिया गया था परिणाम स्वरूप 11 जुलाई 2016 से होने वाली हड़ताल टाल दिया गया था। लगभग ढाई वर्ष बीतने के पश्चात् भी भारत सरकार द्वारा मॉगों पर निर्णय न लिये जाने के विरोध में एन.एफ.आई.आर के आहवान पर एन.सी.आर.ई.एस. ने नार्थ सेन्ट्रल रेलवे के इलाहाबाद, झांसी और आगरा मण्डल में दिनांक 8 व 9 जनवरी को जोरदार धरना प्रदर्शन रैली व सभाओं का आयोजन किया और मंच से सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों का पुरजोर विरोध किया। इसके अतिरिक्त NCRES ने केन्द्रीय कर्मचारियों के संगठन द्वारा दिनांक 8 व 9 जनवरी को की गयी हड़ताल का जमकर समर्थन किया।

हड़ताल के समर्थन में इलाहाबाद मंडल द्वारा 25 सूत्रीय मॉगों का पोस्टर निकाला गया व मंडल मंत्री श्री गोविन्द सिंह के नेतृत्व में डी.आर.एम अफिस ,कै.एवं वै. कार्यालय, गार्ड/ड्रायवर लाबी, स्टेशन परिसर व हास्पिटल एवं इलेकट्रिक पावर कार्यालयों पर जनसम्पर्क कर जगह जगह नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों व उपरोक्त मांगों के प्रति रेल कर्मियों को आगाह किया रेल परिसर में सभाओं के पश्चात् NCRES के पदाधिकारी व कार्यकर्ता केन्द्रीय कर्मचारी संगठनों के कार्यक्षेत्र जैसे पोस्ट अफिस, इन्कम टैक्स अफिस, एजी अफिस, लाइफ इन्श्योरेन्स कार्यालय आदि स्थानों पर पहुँच कर हड़ताल का समर्थन किया व कर्मचारियों को सरकार की मजदूर विरोधी व अडियल रवैया के प्रति अवगत कराया । जनसम्पर्क व जुलूस में सर्वश्री एस. के. मिश्र केन्द्रीय उपाध्यक्ष, अखिलेश सिंह राठौर (संयु.महामंत्री), गोविन्द सिंह मण्डल मंत्री, आलोक सहगल मण्डल उपाध्यक्ष, श्यामजी शुक्ला मण्डल उपाध्यक्ष, सी.पी.शुक्ला मण्डल कोषाध्यक्ष, पिन्टू सिंह सहायक मंडल मंत्री, राकेश चौधरी, फुलचंद, रजनीकांत, अशोक पटेल, राजीव

वर्मा (सभी शाखामंत्री ) , राजीव पाण्डेय, अनिल कुमार – शाखा अध्यक्ष समेत सैकड़ों कर्मचारियों ने भाग लिया । कानपुर में मण्डल अध्यक्ष श्री मान सिंह की अगुवाई में स्टेशन पर एवं इलेक्ट्रिक लोको शेड में सभा की गयी जिसमें मुख्य रूप से राजकुमार राय, सिराज अहमद, रविशंकर सिंह, अनूप यादव, गोविन्द रंजन सिंह, शाखा मंत्री एवं आर.आर.तिवारी , कृपाशंकर मिश्र,वी.के.श्रीवास्तव, अजय प्रताप सिंह, प्रहलाद राय, अध्यक्ष समेत भारी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। टून्डला में सभी कार्यालयों में जनसम्पर्क किया गया व स्टेशन पर जोरदार सभा की गयी, कर्मचारियों को श्री सैय्यद शकील हैदर (केन्द्रीय अध्यक्ष), एन.के.गुप्ता, अशोक कुमार, जयपाल सिंह (शाखा मंत्रीगण) द्वारा संबोधित किया गया। सभा में शाखाओं के पदाधिकारी व सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे । इलाहाबाद मण्डल की अन्य सभी शाखाओं द्वारा अपने अपने कार्यक्षेत्र में धरना प्रदर्शन रैली का आयोजन कर सरकार की मजदूर विरोधी रवैया की भर्त्सना की । इसी क्रम में मुख्यालय मंडल इलाहाबाद के मण्डल अध्यक्ष श्री ए.के.राय व मंडल मंत्री श्री जावेद आलम के नेतृत्व में रैली निकालकर मुख्यालय व सी.पी.ओ एच अफिस में जन–सम्पर्क व नुक्कड़ सभाओं के माध्यम से सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों पर जमकर बरसे व हड़ताल का समर्थन किया । सभाओं में मुख्य रूप से श्री एस.के.सिंह , श्रीमती वीना सिंह, श्री एच.एम.त्रिपाठी, श्री राजनारायण , सत्येन्द्र वहादुर सिंह, सुरेन्द्र तिवारी, राम विनय सिंह आदि उपस्थित रहें ।

पुनः इसी क्रम में झाँसी मण्डल द्वारा 23 सूत्रीय मांगों का पोस्टर निकाला गया व श्री रामकुमार मण्डल अध्यक्ष , वी.जी.गौतम मंडल मंत्री के नेतृत्व में विशाल जुलुस निकाल कर मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया गया व सरकार की नीतियों को जमकर कोसा । सभा को मंण्डल अध्यक्ष, मण्डल मंत्री के अतिरिक्त सर्वश्री एस के राय व राजदीप सचान, महेन्द्र सेन ,के.एस.शुक्ला, भानु चन्देल, राजेश गुप्ता, इन्द्र विजय सिंह , कामता प्रसाद साहू, संजीव नायक; राजेश तिवारी, अरूण झा, के.के.त्रिपाठी, प्रमोद कुमार सिंह (शाखा मंत्रीगण) एवं नीलम सिंह सहा0 मण्डल सचिव आदि ने भी सम्बोधित किया व सरकार का कड़ी चेतावनी दी गयी एवं केन्द्रीय कर्मचारियों के हड़ताल का पुरजोर समर्थन किया गया।

मंडल मंत्री श्री बी.जी.गौतम के द्वारा रेल मंत्री को सम्बोधित 25 सुत्रीय मॉगों का ज्ञापन भी मण्डल रेल प्रबन्धक झाँसी को सोंपा गया । आगरा मंडल द्वारा 23 सूत्रीय मांगों का पोस्टर निकाला गया व मण्डल अध्यक्ष श्री वाई.एस.त्यागी व मण्डल मंत्री श्री ए.के.दधीचि के नेतृत्व में मथुरा, आगरा फोर्ट, स्टेशनों पर जोरदार जुलूस निकाल कर सभाएं की गयी व सभी शाखाओं द्वारा अपने अपने कार्यक्षेत्रों से धरना प्रदर्शन रेली के माध्यम से सरकार की नीतियों का विरोध किया एवं हड़ताल का समर्थन किया गया । प्रदर्शन व सभाओं में मण्डल अध्यक्ष व मंडल मंत्री के अतिरिक्त मुख्य रूप से श्री अक्षय कान्त शर्मा सहा0महामंत्री , श्री आर.डी.त्यागी, श्री जी.एस.शर्मा, हरिओम भारद्वाज, दीपक गोयल, घनश्याम मीना, पी.के सोनी, उमेशवाबू, अरूण शर्मा, प्रदीप सिंह, शैलेश मिश्रा शाखा मंत्रीगण राजकुमार मौर्या, सुरेन्द्र सिंह , राकेश चतुर्वेदी , सी.एच.सारस्वत, अदल सिंह आदि सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री

प्रतिलिपिः– 1. फोटो
2. पेपर कटिंग